समाचार

ऐतिहासिक व जनहितैषी निर्णयों के लिए जाना जाएगा महापौर का कार्यकाल–राजस्व मंत्री

(राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने दर्री जोन के वार्डो में किया 03 करोड़ 72 लाख रू. के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण)

कोरबा 16 नवम्बर 2019–राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आज कहा है कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल का यह पांच वर्ष का कार्यकाल जनहितैषी व ऐतिहासिक निर्णयों के लिए जाना जाएगा। उन्होने कहा कि इन पांच वर्षो में नगर पालिक निगम कोरबा के सभी वार्डो में जिस हिसाब से विकास कार्य किए गए हैं, निश्चित रूप से यह कार्य कोरबा के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे।

उक्त बातें राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने आज दर्री जोन के विभिन्न वार्डो में विकास कार्यो के भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कही। आज राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने दर्री जोन के वार्ड क्र. 43, 51, 48, 47, 44, 46 एवं 45 में 03 करोड़ 72 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस अवसर पर दिए गए संबोधन में राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने आगे कहा कि निश्चित रूप से नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत पांच वर्षो के दौरान जिस योजनाबद्ध ढंग से विकास कार्यो को अंजाम तक पहुंचाया है, बड़ी–बड़ी योजनाएं क्रियान्वित कर लोगों की बरसों की समस्याएं दूर की है तथा आमजनता के हित में जिस प्रकार से ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं, वह अपने आप में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होने कहा कि महापौरश्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में निगम द्वारा लीज होल्ड आवासीय मकानों को फ्री होल्ड करने, सम्पत्तिकर को आधा करने जैसे जनहितैषी निर्णयों के साथ–साथ कोरबा पेयजल आर्वधन योजना का तेजी का साथ क्रियान्वयन तथा हजारों की संख्या में विकास व निर्माण कार्यो को अंजाम तक पहुंचाकर जनहितैषी संस्था की छबि कायम की है। उन्होने कहा कि इसी कार्यकाल में निगम क्षेत्र की सभी विद्युतविहीन बस्तियों में बिजली जैसी आवश्यक सुविधा पहुंचायी गई तथा बरसों से अंधेरे में रह रहे लोगों के घरों में रोशनी की व्यवस्था की गई। सड़क, नाली, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित निदान किया गया, लोगों को अधिक से अधिक मूलभूत सुविधाएं पहुंचायी गई।

आमजनता का विश्वास एवं आशीर्वाद मेरी बड़ी उपलब्धि– इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र की जनता का विश्वास एवं लगातार मिल रहा उनका आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है, मेरा पूरा प्रयास रहता है कि मैं क्षेत्र की जनता के इस विश्वास को पूर्ण रूप से कायम रख सकूॅं। उन्होने कहा कि क्षेत्र की जनता ने मुझे तीन–तीन बार विधायक चुना तथा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल व हमारे मार्गदर्शक नेता डॉ.चरणदास महंत के

आशीर्वाद से मैं मंत्री बना, मैं क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाता हूँ कि उनके हितों की रक्षा के लिए मैं सदैव आगे रहूँगा।

02 करोड़ 79 लाख रू. के कार्यो का लोकार्पण – राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज जिन विकास कार्यो का लोकार्पण किया, उनमें 01 करोड़ 34 लाख रूपये की लागत से निर्मित वार्ड क्र. 51 साडा कालोनी में स्टाफ क्वार्टर एवं एस.एल.आर.एम.सेंटर, वार्ड क्र. 46 व 47 में आई.ओ.सी. द्वारा 01 करोड़ 15 लाख रूपये से निर्मित 03 नग सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 47 कुमगरी में 15 लाख 64 हजार रूपये की लागत से निर्मित सार्वजनिक शेड, वार्ड क्र. 43 सिंचाई कालोनी में 05 लाख 29 हजार रूपये की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन तथा वार्ड क्र. 47 सेमीपाली चौक से कुमगरी तक 08 लाख 76 हजार रूपये की लागत से स्थापित स्ट्रीट लाईट व्यवस्था कार्य शामिल हैं।

94 लाख रू. के विकास कार्यो का भूमिपूजन –आज जिन विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया, उनमें वार्ड क्र. 43 दर्री इतवारी बाजार में 05 लाख 70 हजार रूपये की लागत से शेड व रोड मरम्मत कार्य, वार्ड क्र. 43 सिंचाई कालोनी में विभिन्न स्थानों पर 06 लाख 40 हजार रूपये की लागत से पाईप लाईन कार्य एवं सी.सी.रोड नाली निर्माण, वार्ड क्र. 51 साडा कालोनी में 07 लाख 38 हजार रूपये की लागत से रोड, नाली, भवन आदि का मरम्मत कार्य, वार्ड क्र. 48 सुमेधा में 03 लाख 72 हजार रूपये की लागत से रोड नाली भवन मरम्मत कार्य, वार्ड क्र. 48 अंतर्गत अहिरन नदी एवं तालाब में 37 लाख 50 हजार रूपये की लागत से 03 नग घाट निर्माण, वार्ड क्र. 47, 48 अंतर्गत इंदिरा नगर से अहिरन नदी तक 11 लाख 25 हजार रूपये की लागत से स्ट्रीट लाईट स्थापना कार्य, वार्ड क्र. 44 अंतर्गत 07 लाख 08 हजार रूपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर सी.सी.रोड निर्माण व कैलाशविहार में गणेश पण्डाल के सामने अहाता निर्माण, वार्ड क्र. 45 अंतर्गत 07 लाख 33 हजार रूपये की लागत से सी.सी.रोड व स्याहीमुड़ी में शेडों का मरम्मत कार्य तथा वार्ड क्र. 47 में 07 लाख 35 हजार रूपये की लागत से विभिन्न स्थानों पर रोड, नाली व भवन मरम्मत का कार्य शामिल है।

भूमिपूजन लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति संतोष राठौर, मेयर इन काउंसिल सदस्य इस्माईल कुरैशी, सुनील पटेल, विनीत एक्का, पार्षद वीरसायं धनुवार, अंतराम प्रजापति, श्यामादास महंत, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री कुसुम द्विवेदी, सुधीर जैन, इंदिरा नवरंग, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, रमेश नवरंग, जसपाल सिंह, अरूण वर्मा, कुन्ती देवी आदि के साथ काफी संख्या में वार्डो के नागरिकगण उपस्थित थे।